Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-08-2006

Participants : Barq Shri Shafiqur Rahman

an>

Title : Need to open a Hospital with all facilities in Moradabad, Uttar Pradesh.

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क (मुरादाबाद) : महोदय, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र मुरादाबाद की ओर दिलाना चाहता हूं। इस संसदीय क्षेत्र से लगे हुए रामपुर, अमरोहा एवं संभल संसदीय क्षेत्र भी है जिनकी कुल आबादी 50 लाख के लगभग है। मुरादाबाद शहर मुख्य केन्द्र है। यहां केन्द्र सरकार के अनेक कार्यालय हैं एवं पीतल उद्योग का बड़ा निर्यातक केन्द्र है। सभी सुविधायें इस शहर में होने के बावजूद यहां केन्द्र सरकार को कोई बड़ा अस्पताल नहीं है जिस कारण यहां व आसपास के जिलों के मरीजों को लेकर दिल्ली भागना पड़ता है। जो अस्पताल इस जिले में है वह मरीजों के इलाजों व उनकी सुविधाओं को देखते हुए काफी नहीं हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता जिला मुरादाबाद में एक केन्द्रीय अस्पताल खुलवाने की मांग सालों से करती आ रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप मेरे संसदीय क्षेत्र जिला मुरादाबाद में सभी सुविधाओं से युक्त एक केन्द्रीय अस्पताल शीघ्र खुलवाने का कट करें।